<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–19.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- आज से सुशासन सप्ताह के तहत शुरु होगा राष्ट्रव्यापी अभियान–प्रशासन गांव की ओर, झारखंड में भी लगाए जायेंगे विशेष शिविर।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान, झारखंड के निदेशक अबु इमरान ने की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को टीबी जांच की दर बढ़ाने और मृत्यु दर में 90 प्रतिशत की कमी लाने के दिए निर्देश।
- झारखंड का केन्द्र पर बकाया विवाद गहराया, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा–यह हमारे हक और मेहनत का पैसा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भ्रम फैलाने का लगाया आरोप।
- लातेहार में 2019 में नक्सली हमले में चार पुलिसकर्मियों की हत्या मामले में एनआईए ने नक्सली रंथू उरांव को रिमांड पर लिया, कोर्ट ने दी अनुमति।
- कल से फिर बदलेगा मौसम, राज्य के दक्षिणी भाग में बादल छाने और हल्की बारिश का पूर्वानुमान।

*******************

केन्द्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय की ओर से आज से चौथे सुशासन सप्ताह के तहत राष्ट्रव्यापी अभियान प्रशासन गांव की ओर शुरु होगा। 24 दिसंबर तक आयोजित इस अभियान की सफलता के लिए झारखंड में भी व्यापक तैयारी की गयी है। इस दौरान विशेष शिविर लगाकर आम जनों की समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए जाएंगे और उनके समाधान की दिशा में पहल की जायेगी। 23 दिसम्बर को इसी विषय पर सभी जिलों में कार्यशालाओं का भी आयोजन किया जाएगा।

*******************

केन्द्र सरकार एक देश एक चुनाव विधेयक का मामला आज संयुक्त संसदीय समिति को सौंपेगी। इस समिति में लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सांसद शामिल हैं।

*******************

राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान, झारखंड के निदेशक अबू इमरान ने अधिकारियों को राज्य में टीबी के संभावित रोगियों की जांच दर को बढ़ाने और मृत्युदर में 90 प्रतिशत तक कमी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने रांची में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत समीक्षा बैठक में टीबी से ग्रसित परिवार के सभी सदस्यों की जांच और इलाजरत मरीजों को कोई भी खर्च नहीं होने देने के लिए आवश्यक कदम उठाने का भी निर्देश दिया।

*******************

खनिज रॉयल्टी मद में एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये की बकाया राशि की मांग को लेकर झारखंड की राजनीति गरमा गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पोस्ट में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आरोपों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा है कि हम झारखंडियों की माँग हवा में नहीं बल्कि यह हक़, और मेहनत का पैसा है। झारखंड के हक का भाजपा के विरोध की भी उन्होंने आलोचना की। मुख्यमंत्री ने यह भी लिखा कि अपना हक़ अवश्य लेंगे, क्यूंकि यह पैसा हर एक झारखंडी का हक़ है। पोस्ट के साथ मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को लिखे खुले पत्र को भी साझा किया है। इधर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने बयान में कहा है कि हेमंत सरकार बकाया राशि के मुद्दे पर भ्रम फैला रही है । उन्होंने कहा है कि बिना प्रमाण और आधारहीन आरोप लगाकर झारखंड की जनता को भ्रमित करने का यह खेल अब बंद होना चाहिए।

*******************

राज्य के पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव, मनोज कुमार ने गुमला जिले का दौरा कर विभिन्न पर्यटकीय स्थलों और खेल से जुड़ी योजनाओं का निरीक्षण किया। जिला मुख्यालय स्थित अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए सिंथेटिक ट्रैक निर्माण का प्रस्ताव विभाग को भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने नई योजनाओं पर चर्चा करते हुए उनके क्रियान्वयन के लिए ठोस कदम उठाने की बात कही।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

लातेहार जिले के लुकुइया गांव में 22 नवंबर, 2019 की रात नक्सली हमले में चार पुलिसकर्मियों की हत्या मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम नक्सली रंथू उरांव से चार दिनों तक पूछताछ करेगी। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने रंथू उरांव को रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की इजाजत दे दी है। हमला करने के बाद नक्सली मारे गए जवानों का हथियार भी लेकर भाग गऐ थे। घटना को लेकर चंदवा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एनआईए ने साल 2020 में मामले को टेक ओवर कर जांच शुरू की है।

*******************

नैक की टीम ने गोड्डा महिला कॉलेज निरीक्षण किया। टीम ने कॉलेज की व्यवस्था के साथ पढ़ाई ,शैक्षिक माहौल, अनुशासन, खेल कूद सहित विभिन्न विभागों का बारिकी से जायजा लिया। नैक की तीन सदस्यीय टीम में महाराष्ट्र के औरंगाबाद के पूर्व वीसी प्रो सुधीर गवहने, उत्तर प्रदेश के अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के हिंदी विभाग के प्रो अब्दुल अलीम और बंगलूरू के द ऑक्सफोर्ट कॉलेज आफ सांइस की प्राचार्य डॉ काव्यश्री रंगरप्पा शामिल थी।

*******************

आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम बढ़ाते हुए हजारीबाग के रूपेश ने खेती को अपना व्यवसाय बनाया और दूसरों को भी प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने 40 से अधिक लोगों को भी रोजगार से जोड़ा हैं।

*******************

राज्य में कल से एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के दक्षिणी भाग में आंशिक बादल छाये रहेंगे और कहीं–कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस रांची के कांके में दर्ज किया गया जबकि सबसे अधिक उच्चतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में रिकॉर्ड हुआ।

*******************

भारत और वेस्टइंडीज के बीच महिला टी20 क्रिकेट श्रृंखला का तीसरा और आखिरी मैच आज नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में खेला जाएगा।

*******************

अखबारों की सुर्खियां

खनिज रॉयल्टी बकाया पर झारखंड में बढ़ी राजनीतिक गहमागहमी की खबर को रांची से प्रकाशित अधिकतर अखबारों ने अपनी सुर्खी बनायी है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– जीएसटी काउंसिल की बैठक में झारखंड केन्द्र से मांगेगा बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–कल से छाएगा कोहरा, हल्की बारिश के बाद गिरेगा पारा।

हिन्दुस्तान लिखता है– महेश्वर सोरेन को संथाली का साहित्य अकादमी पुरस्कार।

दैनिक जागरण के शब्द हैं – पलामू की नाबालिग से गुजरात में दुष्कर्म, सीएम के निर्देश पर गए मंत्री–अधिकारी।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है – जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा कराने वाली एजेंसी की याचिका हाई कोर्ट से खारिज।

रवि चंद्रन अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने इस खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

********समाप्त********